Hindi Miscellaneous Quiz

Q1. 'श्रीगणेश' शब्द का विलोम है-
(a) इति
(b) इतिश्री
(c) अथ
(d) अत्यालम्

Q2. 'धनी' का विलोम शब्द है-
(a) धनहीन
(b) अधीन
(c) अधनी
(d) निर्धन

Q3. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का शब्द है-
(a) वाँङ्मय
(b) वांगमय
(c) वाङ्मय
(d) वाँगमय

Q4. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है-
(a) अन्तर्धान
(b) षष्ठम
(c) साहस्र
(d) अनुषंगिक

Q5. इन नामों में से एक की वर्तनी अशुद्ध है-
(a) कौसल्या
(b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) मेघनाद
(d) राहुल सांस्कृत्यायन

Q6. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से कौन युग्म त्रुटिपूर्ण है ?
(a) घृत - घी
(b) उट्र - ऊँट
(c) त्वरित – तुरंत
(d) तिक्त - तीता



Q7. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से त्रुटिपूर्ण है-

(a) गोमय - गोबर

(b) क्षीर - खीर

(c) पर्यंक - पटरी

(d) सपत्नी - सौत

Q8. 'पर्ण' का तद्भव शब्द है-

(a) पत्र

(b) पण

(c) पन्ना

(d) पत्रा

Q9. अंगीठी' का तत्सम है-

(a) अग्निका

(b) अंनिष्ठिका

(c) अग्निष्ठिका

(d) अग्निष्ठिकी

Q10. 'चिरंतन' शब्द का विलोम है-

(a) चिन्ता करने वाला

(b) चिन्ता नहीं करने वाला

(c) नश्वर

(d) चिता

Solutions

S1. Ans.(b)

Sol. व्याख्या- 'श्रीगणेश' का विलोम 'इतिश्री' है, जबकि 'अथ' का विलोम 'इति' है। इत्यालम् से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है।

S2. Ans.(d)

Sol. व्याख्या- 'धनी' का विलोम 'निर्धन' होगा। शेष विकल्पों की इससे साम्यता नहीं है।

S3. Ans.(c)

Sol. व्याख्या- विकल्प (c) में प्रस्तुत वर्तनी 'वाङ्मय' शुद्ध है, जबकि अन्य विकल्पों की वर्तनी त्रुटिपूर्ण है।

S4. Ans.(a)

Sol. व्याख्या- विकल्प (a) में प्रस्तुत वर्तनी 'अन्तर्धान' शुद्ध है, जबकि 'षष्टम', 'सहस्त्र' एवं 'अनुषंगिक' का शुद्ध वर्तनी क्रमशः 'षष्ठ', 'सहस्र', एवं 'आनुषंगिक' होगा।

S5. Ans.(d)

Sol. व्याख्या- राहुल सांस्कृत्यायन की जगह शुद्ध वर्तनी वाला शब्द राहुल सांकृत्यायन होना चाहिए।



S6. Ans.(b)

Sol. व्याख्या- 'उष्ट्र' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'ऊँट' है। शेष युग्म सुमेलित हैं।

S7. Ans.(c)

Sol. व्याख्या- 'पर्यंक' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'पलँग' है। शेष युग्म सुमेलित हैं।

S8. Ans.(c)

Sol. व्याख्या - 'पर्ण' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'पन्ना', 'पाना' तथा 'पनवार' होता है।

S9. Ans.(c)

Sol. व्याख्या -'अंगीठी' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'अग्निष्ठिका' है। शेष विकल्प गलत हैं।

S10. Ans.(c)

Sol. व्याख्या- 'चिरंतन' का विलोम 'नश्वर' होता है। शेष विकल्प अलग अर्थ प्रकट करते हैं।

teachersadda.co.in